समाचार

महापौर ने किया विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण

(महापौर मद से वार्ड क्र. 39 में 09 लाख 85 हजार रूपये के विकास कार्य का लोकार्पण तथा इसी मद से वार्ड क्र. 41 में 08 लाख 80 हजार रूपये के विकास कार्य का भूमिपूजन)

कोरबा 24 दिसम्बर 2024 — महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 39 में महापौर मद से किए गए 09 लाख 85 हजार रूपये के विकास कार्य का लोकार्पण किया। इसी प्रकार उनके द्वारा वार्ड क्र. 41 में महापौर मद से किए जाने वाले 08 लाख 80 हजार रूपये की लागत वाले विकास कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। इस मौके पर सभापति श्यामसुंदर सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 39 छठघाट के पास महापौर मद से 09 लाख 85 हजार रूपये की लागत से सीमेंट कांक्रीट पैदल पट का निर्माण कराया गया है, जिसका लोकार्पण महापौर श्री प्रसाद के द्वारा किया गया। इसी प्रकार वार्ड क्र. 41 बालको आदर्श सतनाम समिति के पास महापौर मद से ही सामुदायिक भवन में अतिरिक्त विकास कार्य 08 लाख 80 हजार रूपये की लागत से किया जाना हैं, जिसका भूमिपूजन भी महापौर श्री प्रसाद के द्वारा किया गया। उक्त दोनों विकास कार्यो का लोकार्पण, भूमिपूजन करते हुए महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि विगत पांच वर्षो के दौरान निगम क्षेत्र में व्यापक रूप से विकास कार्य किए गए हैं तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़े कार्यो, सड़क, नाली, सामुदायिक भवन, मंच, बिजली, पानी आदि से जुड़े कार्यो का संपादन प्रत्येक वार्ड व बस्ती में कराया गया है। इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर, मेयर इन काउंसिल सदस्य

संतोष राठौर, कृपाराम साहू, देवीदयाल सोनी, ठाकुर अवधेश सिंह, बद्रीकिरण, बच्चू सिंह, स्मृति सिंह, राजेश सिंह, कलाम उद्दीन, नागेन्द्र राय, जितेन्दर, अंकित सोनी, श्रीकांत मांझी, अशोक सिंह राजपूत, रमेश यादव, रावेन्द्र नाथ चौबे, जे.पी.यादव, शिवम राय, बिजेन्द्र चौधरी, रामनारायण यादव, बंशी यादव, विनोद यादव, के.के.चौकसे, हनुमान यादव, श्रीराम यादव, रामू, रेखा यादव, सुजित, लाल मोहन मेहता, राहुल सिंह आदि उपस्थित थे।

जैतखाम की पूजा अर्चना– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड क्र. 41 बालको आदर्श सतनाम समिति में जैतखाम की पूजा अर्चना की तथा नगर के विकास अमनचैन व आमनागरिकों की सुख–समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि गुरू घांसीदास जी ने मनखे–मनखे एक समान का उपदेश देकर समाज की एकता, भाईचारा एवं सामाजिक सद्भावना का संदेश सबको दिया था, गुरू घांसीदास जी द्वारा दिए गए उपदेश हमेशा प्रासांगिक रहेंगे तथा उनके बताए गए मार्ग पर चल कर ही समाज, प्रदेश एवं राष्ट्र का सही विकास किया जा सकता है। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, कृपाराम साहू, देवीदयाल सोनी, बद्रीकिरण, यूआर महिलांगे, नारायण कुर्रे, ए.डी.जोशी, पुष्पा पात्रे, एन.के.नाथ, गणेश खुंटे, गौतम लहरे, अश्वनी बंजारे, ईश्वर कुमार शेषकर, दीपक टंडन, राजूकिशोर सोनवानी, गौतमप्रसाद घृतलहरे, जोशीजी, गुरूशरण जांगड़े, पुष्पा लहरे, हेमचन्द्रिका लहरे, महेश्वरी राय, यशोदा, रानी बाई आदि उपस्थित थे।